# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.09.2026 समय : 1905

<><><><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बीसवें रोज़गार मेले में इक्यावन हजार से अधिक युवाओं को वर्चुअली नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। देशभर में पैंतालीस स्थानों पर आयोजित होगा बीसवां रोज़गार मेला।
2. घरेलू चीनी बाजार में स्थिरता बनाए रखने के लिए सरकार का फैसला, थोक उपभोक्ता अब 30 दिनों तक रख सकेंगे चीनी का भंडार।
3. लिटिल अंडमान में ओंगी समुदाय के लिए आपदा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, खोज–बचाव और प्राथमिक उपचार का दिया गया प्रशिक्षण।
4. द्वीप समूह में अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा मूसलाधार बारिश का दौर, मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वर्चुअली माध्यम से बीसवें रोज़गार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए युवाओं को इक्यावन हज़ार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। यह रोज़गार मेला देश भर में पैंतालीस स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। नए नियुक्त उम्मीदवार भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में शामिल होंगे, जिनमें राजस्व विभाग, रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग तथा रक्षा मंत्रालय शामिल हैं। रोज़गार मेला युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर सृजन करने और देश की विकास यात्रा में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर सरकार के संकल्प को दिखाता है। बीसवें रोज़गार मेले के साथ कुल मिलाकर लगभग 12 लाख पचहत्तर हज़ार युवाओं को अलग–अलग विभागों और सरकारी संगठनों में नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं।

<><><><><><><><><>

सरकार ने थोक उपभोक्ताओं के लिए चीनी के भंडारण की सीमा को 15 दिनों से बढ़ाकर 30 दिन कर दिया है। यह छूट इस शर्त पर दी गई है कि मौजूदा पंद्रह दिनों की सीमा से अधिक भंडारित चीनी की मात्रा केवल अग्रिम प्राधिकरण योजना और टैरिफ दर कोटा के अंतर्गत आयातित चीनी से ही प्राप्त की जानी चाहिए। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि खुले बाजार से चीनी की खरीद के लिए भंडारण सीमा अपरिवर्तित रहेगी और केवल पंद्रह दिनों की खपत तक ही सीमित रहेगी। यह निर्णय सरकार द्वारा चीनी के प्रमुख थोक उपभोक्ताओं के साथ विस्तृत परामर्श के बाद लिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह कदम थोक उपभोक्ताओं के हितों और घरेलू चीनी बाजार में स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता के बीच संतुलन स्थापित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इस कदम से आगामी त्योहारी सीजन के दौरान वास्तविक औद्योगिक उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी।

<><><><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कार्यरत शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा में आ रही परेशानियों को लेकर सांसद बिष्णु पद राय ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। सांसद ने मुख्य सचिव को पत्र भेजकर द्वीपों में ही शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित कराने की संभावना तलाशने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों की सीमित उपलब्धता और मुख्य भूमि तक यात्रा की कठिनाई के कारण दूरदराज के द्वीपों में तैनात शिक्षकों को पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाते। सांसद ने प्रशासन से राज्य शिक्षा संस्थान के माध्यम से स्थानीय स्तर पर परीक्षा आयोजित करने के लिए आवश्यक अनुमति और मान्यता की दिशा में कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><><><>

लिटिल अंडमान के डुगोंग क्रीक स्थित सामुदायिक भवन में ओंगे समुदाय के लिए आपदा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एन डी आर एफ की बटालियन, रीजनल

रिस्पॉन्स सेंटर, आपदा प्रबंधन निदेशालय, जनजातीय कल्याण विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों को खोज एवं बचाव, प्राथमिक उपचार तथा आपदा चेतावनी और शुरुआती अलर्ट की जानकारी दी गई। मोबाइल एप और सोशल मीडिया के जरिए समय पर सूचना प्राप्त करने एवं साझा करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि इससे समुदाय की आपदा तैयारी और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की क्षमता मजबूत होगी।

<><><><><><>

मत्स्य निदेशालय ने समुद्री जलीय कृषि गतिविधियों के लिए समुद्री क्षेत्रों को लीज पर देने हेतु पात्र इच्छुक लोगों और संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इन समुद्री क्षेत्रों में ओपन सी केज कल्चर, समुद्री शैवाल पालन और मोती पालन जैसी गतिविधियां की जा सकेंगी। इसके लिए मछुआरे, मत्स्य किसान, मत्स्य श्रमिक, मछली विक्रेता, व्यक्तिगत उद्यमी, निजी फर्म, स्वयं सहायता समूह, मत्स्य सहकारी समितियां, संयुक्त देयता समूह तथा मछली किसान उत्पादक संगठन आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित आवेदन पत्र, 19 सितंबर 2025 की अंडमान एवं निकोबार प्रशासन की अधिसूचना के अनुसार चिन्हित समुद्री क्षेत्रों की सूची तथा ओपन सी केज कल्चर, समुद्री शैवाल पालन और मोती पालन से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें अंडमान एवं निकोबार प्रशासन तथा मत्स्य विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर है।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिले के मायाबंदर क्षेत्र में CFO नाला स्थित स्टील बेली ब्रिज के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते 20 सितंबर से 29 सितंबर तक ब्रिज को अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा। कार्य समाप्त होने के बाद पुल को यातायात के लिए पुनः खोल दिया जाएगा। प्रशासन ने आम लोगों से निर्धारित अवधि के दौरान पुल बंद रहने को ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाने की अपील की है।

<><><><><><>

विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में, सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय ने खेल एवं युवा मामलों के विभाग और पर्यटन हितधारकों के सहयोग से कॉर्बिन्स कोव तट पर बीच स्पोर्ट्स गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष का विषय है, डिजिटल एजेंडा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से पर्यटन का नया स्वरूप। विषय–आधारित पहलों के अतिरिक्त, युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने और द्वीपों में बीच स्पोर्ट्स और स्पोर्ट्स टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए खेल गतिविधियों को भी समारोह में शामिल किया गया है। 26 और 27 सितंबर को पुरुषों और महिलाओं के लिए कॉर्बिन्स कोव तट पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें बीच वॉलीबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट और रस्साकशी शामिल है। निदेशालय ने खेल क्लबों, युवा समूहों, शैक्षणिक संस्थानों, टीमों और खेल प्रेमियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने को कहा है। संबंधित श्रेणियों में विजेताओं और उपविजेताओं को पर्यटन विभाग द्वारा ट्राफियां और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक प्रतिभागी पर्यटन विभाग के अधिकारियों के पास पंजीकरण करा सकते हैं और पात्रता, नियम और विनियम, पंजीकरण और कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए निदेशालय के प्रबंधक (संचालन) से मोबाइल नंबर 9933–255–364 पर संपर्क सकते हैं।

<><><><><><>

मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक संपूर्ण द्वीप समूह में बारिश का दौर जारी रहेगा। दक्षिण अंडमान और निकोबार जिलों में 18 और 19 सितंबर को बिजली चमकने और बादल गरजने और तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं उत्तर और मध्य अंडमान में इस दौरान भारी वर्षा होने की संभावना है। 20 सितंबर को भी द्वीप समूह में भारी वर्षा और तेज हवाएं चलने का अनुमान है। मछुआरों को समुद्र में बाइस सितम्बर तक ना जाने की सलाह दी गई है। तूफानी हवाएं चलने और समुद्र के बेहद उग्र रहने की आशंका है।

<><><><><><>